**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2954**

**बुधवार, 11 मार्च, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**औद्योगिक गलियारों की स्थापना**

**2954. श्री बंदी संजय कुमारः**

**श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डीः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हैदराबाद-वारंगल और हैदराबाद-नागपुर औद्योगिक गलियारों की स्थापना हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदमों या प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उनकी स्थापना के संबंध में कोई अध्ययन किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में औद्योगिक गलियारों की स्थापना के लिए चालू वर्ष में सरकार द्वारा किए गए/किए जा रहे अन्य उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्री**
**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (ग):** तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद-वारंगल औद्योगिक कोरिडोर और हैदराबाद-नागपुर औद्योगिक कोरिडोर की स्थापना के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इस प्रस्ताव पर राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास और कार्यान्वयन न्यास (एनआईसीडीआईटी) द्वारा विचार किया गया था और यह निर्णय लिया गया था कि तेलंगाना सरकार इस परियोजना का व्यवहार्यता अध्ययन करवाएगी और उपलब्ध भूमि की पहचान करेगी। इसके पश्चात, तेलंगाना सरकार ने अक्टूबर, 2019 में उक्त औद्योगिक कोरिडोर्स के लिए अंतिम व्यवहार्यता रिपोर्टें प्रस्तुत की। इन व्यवहार्यता रिपोर्टों पर विचार करने के लिए हाल ही में, राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास निगम लि. (एनआईसीडीसी लि.) और तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम लि. (टीएसआईआईसी) के अधिकारियों के बीच जनवरी, 2020 में एक बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें यह निर्णय लिया गया कि टीएसआईआईसी, औद्योगिक कोरिडोर परियोजनाओं के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा अनुमोदित संस्थागत और वित्तीय अवसंरचना के अनुरूप संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी।

**(घ):** दिल्ली मुम्बई औद्योगिक कोरिडोर (डीएमआईसी) के विभिन्न नोड्स में मुख्य अवसंरचनाओं के सृजन से संबंधित चल रहे कार्यों की प्रगति के अतिरिक्त; चैन्नई बैंगलुरू औद्योगिक कोरिडोर (सीबीआईसी) में तुमकुर (कर्नाटक) और कृष्णापटनम (आंध्र प्रदेश) में 2 नोड्स पर संबंधित कार्य में अत्यधिक प्रगति हुई है। इसके अलावा, सीबीआईसी के अंतर्गत पोन्नेरी नोड (तमिलनाडु) में औद्योगिक कोरिडोर परियोजनाओं के लिए अनुमोदित संस्थागत और वित्तीय अवसंरचना के अनुसार विभिन्न औपचारिकताओं को पूरा करने में पर्याप्त प्रगति हुई है। उपर्युक्त परियोजनाओं के अलावा, तेलंगाना और ओडिशा में औद्योगिक कोरिडोर्स के रूप में विकास से संबंधित कागजात कार्यवाही में कुछ प्रगति हुई है।

*****